भिलाई में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में अब तक 155746 लोगों ने स्वास्थ्य सेवा का लिया लाभ

भिलाई नगर/ मोबाइल मेडिकल के स्वास्थ्य शिविर में अब तक 155746 लोगों ने शिविर का लाभ लिया है , मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत इसका बेहतर क्रियान्वयन नगर पालिक निगम भिलाई में किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल की मंशा है कि श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके द्वार के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिले। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर विभिन्न वार्डों के लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लग रहे हैं। निगम का स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल युनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है। इसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपनी बस्ती में अपने घर के समीप लगे कैंप में आकर निःशुल्क जांच कराकर दवाइयां ले रहे हैं। वहीं 4321 मरीजों का श्रम विभाग में पंजीयन किया गया व इस विभाग में मरीजों के पंजीयन प्रकरण के लिए 2608 आवेदन प्राप्त हुए। दाई-दीदी क्लीनिक के 631 शिविर में 49144 मरीजों ने उपचार कराया। लैब टेस्ट 9873 लोगों ने कराया। जांच की सुविधा फ्री में और दवाइयां भी मुफ्त मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर की बात करें तो नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं 1 दाई-दीदी क्लीनिक संचालित है। तीनों मेडिकल यूनिट के माध्यम से शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। आने वाले मरीजों का परीक्षण मुफ्त में किया जाता है वही जहां दवाइयों की आवश्यकता होती है तो मरीजों को फ्री में दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है।